शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602 AISHE Code: C-21647

दिनांक:- 06.04.2026

// प्रेस विज्ञप्ति //

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता सहगल के मार्गदर्शन में भूगोल विभाग द्वारा "जलागम प्रबंधन" (Watershed Management) विषय पर एक ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संसाधन संरक्षण, मृदा संरक्षण तथा सतत विकास की अवधारणा से अवगत कराना था। वर्तमान समय में जल संकट की बढ़ती समस्या को देखते हुए यह विषय अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयोगी है।

मुख्य वक्ता डॉ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में जलागम प्रबंधन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक अवधारणा को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि जलागम प्रबंधन केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मृदा संरक्षण, भू–जल पुनर्भरण (Groundwater Recharge) एवं स्थानीय पारिस्थितिकी के संतुलन को बनाए रखना भी शामिल है।उन्होंने विशेष रूप से वर्षा जल संचयन, कंटूर बंडिंग, चेक डैम निर्माण एवं वृक्षारोपण जैसी तकनीकों पर प्रकाश डाला और बताया कि इन उपायों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाया जा सकता हैं।

डॉ. सुषमा यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि जलागम प्रबंधन के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण संभव है, बल्कि यह ग्रामीण आजीविका को भी सुदृढ़ बनाता है।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और अपने दैनिक जीवन में भी जल के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाएं।यह अतिथि व्याख्यान अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इसने विद्यार्थियों को जलागम प्रबंधन के महत्व एवं उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्री नितिन कुमार देवांगन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सुसंगठित एवं प्रभावशाली शैली से कार्यक्रम को रोचक एवं अनुशासित बनाए रखा। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने जलागम प्रबंधन से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रस्तुत किया, जिनका समाधान मुख्य वक्ता द्वारा संतोषजनक रूप से किया गया।

अंत में M. A. भूगोल द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा राजनीत कौर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

डॉ. सुषमा यादव
विभागाध्यक्ष
Head Geography Deptt.
Govt. Dr W.W Patankar
Girl's P.G College, Durg (C.G.)

I/c.
A Sehgal 06.04.2026
डॉ. अमिता सहगल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)